

# रक्षाबंधन पर बाजार में रौनक,जमकर खरीदारी

## भद्रा का साया न होने से इस बार बहनें पूरे दिन भाईयों को राखी बांधने में होंगी व्यस्त



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर/विजयपुर,08अगस्त।** श्योपुर जिले के विजयपुर शहर में रक्षाबंधन के मौके पर इस बार बाजारों में खुशी का माहौल है। दुकानों पर राखी, मिठाई और उपहारों की भरमार है, और लोग खरीदारी में व्यस्त हैं। इस बार विशेष रूप से भद्रा का साया नहीं है, जिसके चलते बहनें पूरे दिन अपने भाईयों को राखी बांध सकती हैं। ज्योतिषियों के अनुसार, इस बार कोई भी रुकावट नहीं होगी और शनिवार को होने वाले रक्षाबंधन के पर्व को लेकर विशेष उत्साह है। रक्षाबंधन के साथ ही बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई है। शहर के मुख्य बाजारों और बस अड्डे पर रौनक बढ़ी हुई है, क्योंकि बहुत से लोग दूर-दराज के क्षेत्रों में त्योहार मनाने जा रहे हैं। ज्योतिषियों का कहना है कि इस बार रक्षा बंधन पर कोई भद्रा या वर्जना नहीं है, जिससे बहनें सुबह से लेकर देर शाम तक अपने भाईयों को राखी बांध सकेंगी। बाजार में राखियों की बिक्री में भी काफी वृद्धि देखी जा रही है। बहनें अपनी पसंदीदा डिजाइन की राखियां खरीदने के लिए दुकानों पर पहुंच रही हैं। इस साल विशेष रूप से धार्मिक और बच्चों के लिए डिजिटल राखियां अधिक खरीदी जा रही हैं। वहीं, मिठाइयों की दुकानों पर भी भीड़ जमा है, जहां पेठा, बर्फी, काजू कतली, गुलाब जामुन जैसे पारंपरिक पकवानों के साथ-साथ स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए ड्राई फ्रूट्स की बिक्री भी बढ़ी है।

इसके अलावा, इस बार उपहारों की भी एक नई लिस्ट देखने को मिल रही है। युवाओं में ज्वेलरी जैसे नेकलेस, ब्रेसलेट और इयररिंग्स का चलन है, जबकि कुछ लोग फोटो फ्रेम, डायरी, और गिफ्ट हैम्पर जैसी चीजें खरीद रहे हैं। ड्राई फ्रूट्स और चाकलेट्स के पैक भी उपहारों के तौर पर खरीदारी में आ रहे हैं। आखिरकार, यह त्योहार विजयपुर में भाई-बहन के प्रेम और स्नेह का प्रतीक बनकर घर-घर खुशियाँ लेकर आएगा।

**रक्षा बंधन पर जेल में होगी खुली मुलाकात:** रक्षाबंधन के अवसर पर जिला जेल में खुली मुलाकात होगी। जिसके तहत जेल में निरूद्ध बंदियो को राखी बांधने के लिए आने वाली महिलाओं को उनका पालन करना आवश्यक है। जेल अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि रक्षाबंधन के अवसर पर जिला जेल श्योपुर में खुली मुलाकात के निर्देश प्राप्त हुए है। इस क्रम में बंदियो से मुलाकात कर राखी बांधने के लिए उनके परिवार की केवल महिला सदस्यों एवं 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों को ही प्रवेश दिया जायेगा। खुली मुलाकात का समय रक्षाबंधन 9 अगस्त को प्रात: 8.30 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेगा। राखी बांधने के लिए अधिकतम समय 10 मिनिट निर्धारित किया गया है। बंदियो के परिजन पहचान के लिए आधार कार्ड, राशनकार्ड, मतदाता परिचय पत्र, ड्रायविंग लाइसेंस, पेनकार्ड आदि में से कोई भी एक दस्तावेज लेकर आयेगे।

**ट्रैफिक व्यवस्था हुई प्रभावित:** रक्षा बंधन पर्व को शुक्रवार को बाजार में खरीददारी करने वाले ग्राहकों की जमकर भीडभाड़ रही।

जिसकी वजह से शहर के यातायात व्यवस्था भी प्रभावित रही। शहर के पुरानी पुलिस लाइन, मेला ग्राउंड के सामने बार-बार जाम लगता रहा। हालांकी पुलिस ने मैन बाजार में चार पहिया वाहनों के प्रवेश करने पर रोक लगा दी है, जिस वजह से काफी हद मैन बाजार में जाम की समस्या से निजात मिली है। लेकिन सोना लॉज के सामने अस्त-व्यस्त ट्रैफिक व सड़क पर पार्क वाहनों से लोगों को रास्ता निकलना दूभर होता रहा।

### फैंसी राखियां बन रहीं आकर्षण का केंद्र

बाजार में आईं फैंसी राखियां आकर्षक का केंद्र बनी हुई हैं। बहने अपने भाईयों की कलाई पर इन राखियों को सजाने के लिए इनकी खरीदारी भी कर रही हैं। सबसे ज्यादा छोटी-छोटी बच्चियों में ज्यादा है, वह इन राखियों को ज्यादा पसंद कर रही हैं। मार्केट में डॉरीमॉन, स्पाइडर मैन, छोटा भीम, एंगरी वर्ड की राखियां भी खूब बिक रही हैं।

### श्रृंगार सामग्री की दुकानों पर उमड़ी भीड़

रक्षाबंधन पर्व को लेकर श्रृंगार सामग्री खरीदारी के लिए बाजार में महिला-युवतियों की भीड़ पहुंचने लगी है यही बजह है कि, शुक्रवार को आभूषणों की दुकान, साड़ियों की दुकान, श्रृंगार सामग्री पर महिलाओं की भीड़ नजर आने लगी हैं। इन दुकानों पर भी भीड़ दिखाई दी। इसके अलावा चूड़ी वाली गली, मैन बाजार, जैन मार्केट में भी भारी भीड़ महिलाओं की दिखाई दी। इसके अलावा पुलिस लाइन के बाहर लगी दुकानों पर भी महिलाओं की भीड़ देखी गई। रक्षाबंधन का त्योहार नजदीक आते ही कपड़ा व्यापारियों की दुकानों पर कपड़े खरीदने के लिए भीड़ दिखाई दे रही है।

# 13को शहर में निकलेगी तिरंगा यात्रा

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर,08 अगस्त।** कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय की अध्यक्षता में आयोजित हर घर तिरंगा अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि 13 अगस्त को सुबह 8 बजे से आयोजित होने वाली तिरंगा यात्रा के लिए समुचित तैयारियां की जाये, तिरंगा यात्रा का आयोजन गांधी चौक नगरपालिका से किया जायेगा। यह यात्रा मैन चौराहा, पुल दरवाजा, पटेल चौक होकर निकाली जाएगी।

अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने नगरपालिका अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत शहर के मैन चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलो पर तिरंगामयी रोशनी की जायें तथा तिरंगे झंडे लगाये जायें। इसके अलावा तिरंगा सेल्फी प्वांइट बनाये जायें, इसके साथ ही उन्होने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्कूल, कॉलेजों में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जायें।

ज्ञात हो अभियान के द्वितीय चरण में 9 से 12 अगस्त तक लोगों को साथ लाने, व्यापक प्रचार-प्रसार, ध्वजों की उपलब्धता तथा सार्वजनिक स्थलों पर तिरंगे की दृश्यता के लिये कार्य किये जायेंगे। स्थानीय उत्पादों पर केंद्रित तिरंगा मेला, तिरंगा कंसर्ट, तिरंगा बाइक/तिरंगा साइकिल रैली, उच्च जनभागीदारी के साथ तिरंगा यात्रा, तिरंगा ध्वज की उपलब्धता और समुचित व्यवस्था, मानव श्रृंखला निर्माण, तिरंगा गान जैसे कार्यक्रम होंगे। अभियान के तृतीय चरण में 13 से 15 अगस्त तक घर, कार्यालयों तथा वाहनों पर तिरंगा लगाने, सेल्फ़ी अपलोड, सर्वत्र तिरंगे की दृश्यता तथा संस्कृति मंत्रालय के साथ सूचनाओं का सतत आदान-प्रदान किया जायेगा। हर जगह तिरंगा दृश्यता, तिरंगा के साथ रिकॉर्ड इत्यादि महत्वपूर्ण कार्यक्रम किये जाएंगे। इस अभियान की परिकल्पना सामूहिक उत्सव और नागरिक एकता की भावना पर आधारित है, जिसमें स्वतंत्रता के सार को स्वच्छता और सुजलता के संकल्प के साथ जोड़ा गया है। इस प्रकार, ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित जल आपूर्ति, प्रभावी च्च्जल, स्वच्छता और स्वास्थ्य'' और बेहतर स्वच्छता सुनिश्चित करने से प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प को बल मिलेगा।

# प्रदर्शन के दौरान दर्ज एफआईआर को निरस्त किया जाए

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर,08अगस्त।** श्योपुर में डामर वाली सड़क की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों पर दर्ज की गई एफआईआर को निरस्त करने की मांग को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष अतुल चौहान और युवा कांग्रेस अध्यक्ष रामभरत मीणा भी मौजूद थे।

यह एफआईआर 6 अगस्त को सलापुरा नहर से मातासूला तक सड़क निर्माण की मांग को लेकर किए गए एक ग्रामीण प्रदर्शन के दौरान दर्ज की गई थी।

शांतिपूर्ण प्रदर्शन के बावजूद हुई कार्रवाई ज्ञापन में कांग्रेस ने कहा है कि करीब 10-12 गांवों के ग्रामीण अपनी वर्षों पुरानी और जायज मांग को लेकर शांतिपूर्ण धरना दे रहे थे। ग्रामीणों का कहना है कि खराब सड़क के कारण कई हादसे हो चुके हैं और प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज तक पहुंचने में भी दिक्कत आएगी, लेकिन उनकी मांग सुनने के बजाय उन पर अनावश्यक रूप से एफआईआर दर्ज कर दी गई। कांग्रेस ने ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया कि इसी सड़क पर नगर पालिका कचरा डाल रही है। मृत पशु फेंके जा रहे हैं। बीच सड़क पर शराब की दुकान संचालित हो रही है, जिससे ग्रामीण और खासकर महिलाएं परेशान हैं। कांग्रेस के अनुसार, प्रदर्शन के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग को पूरी तरह से बंद नहीं किया गया था, बल्कि एक तरफ से यातायात चालू था। युवा कांग्रेस ने पुलिस से एफआईआर को तत्काल निरस्त करने और सड़क निर्माण की दिशा में जल्द कार्रवाई करने की मांग की है।

### 34 प्रभावित परिवारों के खातों में डाली गई 63 लाख की राशि

श्योपुर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास समत्व भवन से अतिवर्षा एवं बाढ से प्रभावित श्योपुर जिले के 34 परिवारों को भी 63 लाख 98 हजार 400 रूपये की राशि बैंक खातों के माध्यम से प्राप्त हुई। उक्त कार्यक्रम के माध्यम से श्योपुर जिले के हितग्राही पुष्पा बाई मानपुर, देशराज सोईकलां, कमल यादव एवं शांति यादव आमल्दा, बनवारी बहरावदा, कृष्णा बाई कराहल, उर्मिला उतनवाड, बंजरगी जवासा, मोहर सिंह मोहनपुरा, पूजा निवासी पुरा, दीया बाई निवासी गोरस, भूरी बाई निवासी उपचा, कोसा बाई निवासी भारखोह एवं मित्ती शाक्य को 4-4 लाख रूपये की राहत राशि के रूप में प्रदाय की गई।

### रक्षाबंधन पर लाड़ली बहनों के खातें में आया तोहफा

**विजयपुर।** मुख्यमंत्री मोहन यादव ने प्रदेश की लाडली बहना योजना अंतर्गत रक्षाबंधन पर लाड़ली बहनों को 27 बी किस्त के साथ 250 रूपये उपहार के रूप मैं देने की घोषणा रक्षाबंधन पर 1500 रूपये देने की कहा था बह वादा निभाया, व सभी कलैक्टरौ को आदेशित किया गया परन्तु जिलाधीश श्योपुर ने इस कार्य में लापरवाही बरतने के फल स्वरूप आज बैन्कों में और क्योस्क सैन्टरों पर जब लाड़ली बहनों को बैन्कों से क्योस्क सैन्टरौ से यह कहागया कि लाड़ली बहनों के खाते में अभी पैसा नहीं आया है ,तब बेचारी लाड़ली बहनों को मायूस होकर लौटना पड़ा, यह नजारा देखा तब कलैक्टर श्योपुर को दो बार फोन लगाया पर उठाया नहीं इसके बाद भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष शशांक भूषण को फोन लगाया तब प्रशासनिक अधिकारियों को जिला अध्यक्ष ने चर्चा हुई तब 5 बजे बैन्कों व क्योस्क सैन्टरौ पर लाड़ली बहनों के खाते मैं पैसा आया।

# पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी पति को आजीवन कारवास

## जिला न्यायालय ने एक साल पुराने मामले में सुनाया फैसाला

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर,08अगस्ता।** जिला न्यायालय ने पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है, साथ ही 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। मामले में शासन की और से पैरवी विशेष लोक अभियोजक राजेंद्र जाधव द्वारा की गई।

जानकारी के अनुसार मृतका की बड़ी बहन बिंद्रावती उर्फ बिंद्रो ने सेसईपुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, कि मेरी छोटी बहन मोमबत्ती बाई की शादी सिलौरी का सहराना निवासी रामअवतार आदिवासी के साथ हुई थी। 17 मई 2024 को रामअवतार आदिवासी ने फोन किया गया कि तुम्हारी बहन की मृत्यु हो गई है। जब हम लोग उनके घर गए तो मेरी बहन झोंपड़ी में अचेत अवस्था में पड़ी थी। उसको हाथ लगाकर देखा तो उसकी सांस भी नहीं चल रही थी। जब इस बारे में रामअवतार से पूछा तो उसने कोई जवाब नहीं दिया। जिसकी रिपोर्ट सेसईपुरा थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने शव का पीएम कराने के बाद आरोपी पति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर प्रकरण न्यायालय में पेश किया जहां मामले में 13 महीने तक चली सुनवाई के बाद न्यायालय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने आरेपी को दोषी करार देते हुए रामोतार उर्फ रामअवतार आदिवासी पुत्र रामस्वरूप आदिवासी को आजीवन कारवास की सजा सुनाई है, साथ ही 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

### ऑटो ने बाइक में टक्कर एक की मौत, महिला घायल

श्योपुर। मानपुर थाना क्षेत्र के श्योपुर-पाली हाईवे पर सामरस गांव के पास ऑटो ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार युवक की मौत हो गई, वहीं महिला घायल हुई है। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोभागपुरा निवासी भूरिया पुत्र हरलाल बंजारा 7 अगस्त की शाम बाइक पर सवार होकर सवाई माधोपुर से अपने गांव जा रहा था, तभी पाली की पुलिया से निकलने के बाद सामरसा गांव के पास चालक ने तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी।

### पति-पत्नी के बीच झगड़े में बीच-बचाव करने पर की मारपीट

श्योपुर। कराहल थाना क्षेत्र के बर्धा बुजुर्ग गांव में पति-पत्नी के बीच हो रहे झगड़े में बीच-बचाव करने पर आरोपिता ने मिलकर फरियादी की मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वर्धाबुजुर्ग गांव में लखन आदिवासी अपनी पत्नी असीता आदिवासी की मारपीट कर रहा था, जब मेमराज मीणा ने बीच-बचा कराया तो उल्टा आरोपी लखन आदिवासी, निवासी आदिवासी ने मिलकर गाली-गलौज करते हुए उसकी मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने मारपीट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### पुरानी रंजिश को लेकर की मारपीट, मामला दर्ज

श्योपुर ब्यूरो। बरगवां थाना क्षेत्र के भीखा का सहराना में मोरू का टपरा में पुरानी रंजिश को लेकर झगड़ा हो गया। जिसमें आरोपी ने फरियादी के साथ मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार भीखा का सहराना निवासी रामकेश आदिवासी व मोहन आदिवासी के बीच किसी बात को लेकर पुरानी रंजिश चल रही थी, जिसके चलते 7 अगस्त की रात 9 बजे दोनों के बीच झगड़ा हे गया। झगड़ा इतना बढ़ गया कि आरोपी ने गालियां देते हुए फरियादी की मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने रामकेश पुत्र लालाराम आदिवासी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मारपीट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

श्योपुर। आवदा थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए अवैध शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के बर्धा बुखारी रोड से शराब ले जाते पकड़ा। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास से 21 बोतल शराब जब्त की है, जिसकी कीमत 2100 रुपये है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम दिलीप पुत्र कास्या आदिवासी निवासी बुखारी बताया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामल दर्ज कर लिया है।



# रक्षाबंधन : श्रवण नक्षत्र में मनाया जाएगा आज राखी का पर्व

## इस बार नहीं रहेगा भद्रा का साया





**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर,08 अगस्त।** रक्षाबंधन का पावन पर्व 9 अगस्त को मनाया जाएगा। इस बार बहनो को भाईयों की कलाई पर स्नेह की डोर बांधने का पूरा दिन मिलेगा। क्योंकि इस वर्ष भद्रा का कोई प्रभाव नहीं रहेगा । पंनचांग के अनुसार ये अवसर अत्यन्त शुभ और दुलर्भ योगों से युक्त रहेगा। कई वर्षो बाद यह संयोग बन रहा है जब रक्षाबंधन पर भद्र नहीं रहेगा। भागवताचार्य सिद्वशरण पाठक ने बताया कि भारतीय शास्त्रों में श्रावणी पर्व रक्षाबंधन का विशेष महत्वपूर्ण पर्व माना जाता है रक्षाबंधन के दिन कई शुभ योग एक साथ बन रहे है जो इस अत्यन्त दुलर्भ और शुभ बना रहे है सर्वार्थ सिद्धि योग और सौभाग्य योग का अद्भुत संयोग बन रहा है साथ ही शनैश्वरी पूर्णिमा है उन्होंने बताया कि राखी बांधने का मुहूर्त 9 अगस्त प्रात: 7:49 से 7:27 शुभ दिन में 12:17 से 1:9 तक अभिजित 2:21 से 5:37 तक अमृत बेला है। 9 अगस्त को रक्षा बंधन मनाया जाऐगा। नगर में राखी से लेकर कपड़े रेडिमेड, मिठाई आदि की दुकाने सजने लगी। इन दुकानों पर सुबह से ही भीड़भाड़ रही। ग्रामीण अंचल से बहने राखिया, मिठाई, खरीदने के लिए तो भाई बहनो को उपहार देने के लिए गिफ्ट सेन्टर पर दिखे। जिससे बाजारों में अच्छी खाशी भीड़ दिखी, रविवार होने के बाद भी बाजार पूरी तरह से खुला रहा। नगर के प्रमुख बाजारों में सुबह से सायं तक भीड़ देखने को मिली। राखी व्यवसायी के अनुसार इस बार राखियों पर महगाई का असर दिखा एक रूपये से लेकर एक हजार रूपये तक की राखिया बिकी। वैसे अधिकतर लोग मीडियम राखी खरीदते है। बच्चों के लिए खिलौने की दुकाने वहीं बहने व्यूटी पार्लर की दुकानों पर हाथो में महदी और सजती सबरती दिखी। खासकर छोटे रेडिमेड कपड़े और साड़ियों की बिक्री अधिक हुई। सरस्वती शिशु मंदिर मुड़ियन का कुंआ विद्यालय में मेंहदी प्रतियोगिता एवं राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस आयोजन में कक्षा अरूण से अष्टम तक के भैया बहिनों ने भाग लिया यह समस्त कार्यक्रम श्रीमती रीतेश पाण्डेय दीदी के निर्देशन में किया गया।

# ग्राम पंचायत धोंड व सोहन में निकली हर घर तिरंगा यात्रा




नवभारत न्यूज
दतिया,08अगस्त। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के नेतृत्व में आज ग्राम पंचायत धोंड और सोहन में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत भव्य रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन परिषद के जिला समन्वयक 'मुनेंद्र शेजवार' ने कहा आजादी के इस अमृत महोत्सव में हम सभी को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। अपने हर घर में तिरंगा लहराना और घर को स्वच्छ रखना हमारी जिम्मेदारी है, जिससे हम स्वस्थ रहेंगे और देश का गौरव बढ़ेगा। ब्लॉक समन्वयक 'शैलेंद्र लिटोरिया' ने इस अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान की भी जानकारी दी और सभी से पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परिवार अपने घर के आंगन या आसपास एक पेड़ जरूर लगाए, जिससे प्रकृति और आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित रखा जा सके। कार्यक्रम में ग्रामीणों को 'मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व विकास पाठ्यक्रम' के महत्व और उससे मिलने वाले लाभों की भी विस्तृत जानकारी दी गई। 'चंद्रप्रकाश कौरव' ने बैठक में बताया कि सरकार द्वारा विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका लाभ लेने के लिए सभी को जागरूक रहना चाहिए और शासन के प्रयासों में सहभागी बनना चाहिए। इस अवसर पर रामशरण कौरव, पंकज बसेडिया, यज्ञ दत्त केतु,पंकज निरंजन'ध्रुव सिंह गुर्जर चंद्रशेखर तिवारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# सीएमएचओ डॉ . वर्मा ने सिटी - डिस्पेंसरी का किया निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**
**दतिया,08अगस्त।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.के. वर्मा ने शुक्रवार को पुराना जनाना अस्पताल, तलैया मोहल्ला पहुंचकर सिटी डिस्पेंसरी, जिला मलेरिया कार्यालय, जिला कुष्ठ कार्यालय एवं बीएमओ उनाव कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान सिटी हॉस्पीटल में व्याप्त अव्यवस्थाओं पर सीएमएचओ डॉ. वर्मा ने नाराजगी जाहिर करते हुए शहरी नोडल ऑफीसर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने अन्य विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को भी कार्यालय परिसर में व्यवस्थाऐं सुदृढ़ रखने के साथ ही स्वास्थ्य गतिविधियां समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान सिटी हॉस्पीटल में ओपीडी संचालन, स्टोर शाखा, मरीज परीक्षण कक्ष सहित लैब का निरीक्षण किया। व्यवस्थाऐं संतोषजनक ना मिलने पर ड्यूटी डॉ. दिनेश बाथम से जानकारी ली। जिसमें कई समस्याऐं सामने आई। इसके बाद उन्होंने शहरी नोडल अधिकारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला मलेरिया कार्यालय का निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ डॉ. वर्मा ने जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. राहुल चउदा से राष्ट्रीय वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत संचालित की जा रही गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि जिले में मच्छररोधी गतिविधियों का संचालन पूरी क्षमता के साथ किया जाए, जिससे वर्तमान में पनप रहे लार्वा को समय रहते नष्ट किया जा सके।

# सरस्वती विद्यालयों में धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन



**नवभारत न्यूज**
**दतिया,08अगस्त।** ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला दतिया द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मन्दिर विद्यालयों में धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन का त्योहार। जिला प्रमुख राजेन्द्र सिंह ठाकुर ने सरस्वती शिशु मन्दिर परासरी में विद्यालय परिवार को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में रक्षाबंधन का त्योहार पूरे भारत वर्ष में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।इस दिन बहनें अपने भाइयों को रक्षा सूत्र बांधती हैं और भाई बहनों की रक्षा करने का संकल्प लेते हैं। पर्यावरण मित्र अपने द्वारा लगाए गए पौधे को रक्षा सूत्र बांधते हैं। और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हैं। विद्यालयों में 6 से 12 जुलाई तक संस्कृत सप्ताह मनाया जा रहा है इसमें सनातन संस्कृति के ग्रंथों का पूजन कर उनके बारे में जानकारी दी जा रही है। 3 से 17 अगस्त तक खेल महोत्सव का आयोजन पूरे मध्य भारत प्रांत में किया जा रहा है। इसमें परम्परागत भारतीय खेलों को बढ़ावा दिया जा रहा है। 1 से 20 अगस्त तक संस्कृति बोध परियोजना के अंतर्गत चलने वाली संस्कृति ज्ञान परीक्षा की विस्तार से जानकारी दी गई।साथ ही सभी से सदस्यता अभियान में सहभागी होने का आग्रह किया गया है। इन सभी अभियानों में जिला समिति के पदाधिकारी, संयोजक मंडल, पूर्व छात्र, पूर्व आचार्य एवं विद्यालय परिवार की सहभागिता हो रही है।

# अहंकारी व्यक्ति समाज हितैषी नहीं हो सकता : हरकिशोर

**नवभारत न्यूज**
**दतिया,08अगस्त।** दक्ष प्रजापति समाज की वृहद बैठक गुरुवार को उनाव रोड स्थित श्रीरामचेरे बाबा मंदिर परिसर में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष हरकिशोर प्रजापति द्वारा की गई। बैठक में समाज की सहमति से समाज हित के महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम 2025 बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मंदिर परिसर में मनाया जाना तय हुआ है। वही समाज के कोषाध्यक्ष शैलेंद्र प्रजापति द्वारा गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम 2025 का आय-व्यय समाज के सामने रखा गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भांदो के माह में समाज द्वारा खैरी माई की पूजा कार्यक्रम, 24 अगस्त रविवार को होना समाज बंधुओ द्वारा तय किया गया। बैठक का सफल संचालन समाज के कोषाध्यक्ष शैलेंद्र प्रजापति व आभार प्रदर्शन समाज के युवाध्यक्ष धीरज प्रजापति द्वारा व्यक्त किया गया। बैठक में उपस्थित सभी समाज बंधुओ का दक्ष प्रजापति समाज सेवा समिति बहुत-बहुत आभार व्यक्त करती है। जिन्होंने अपना अमूल्य समय देकर बैठक को सफल बनाया एवं आगे भी इसी प्रकार के सहयोग की हम आपसे अपेक्षा करते हैं। इस अवसर पर चतुर्भुज प्रजापति पूर्व अध्यक्ष, राधेश्याम बुलकिया पूर्व प्रधानाध्यापक, जयराम बुलकिया, दयाराम बुलकिया, आशाराम बुलकिया, गौरीशंकर प्रजापति, हरिकिशुन बाबूजी, घनश्याम प्रजापति, बनमाली माते, बलराम प्रजापति, विक्की माते, धर्मेंद्र प्रजापति पूर्व सचिव, भगवानसिंह प्रजापति पूर्व कोषाध्यक्ष, सुरेश प्रजापति, श्रीराम माते, वारे प्रजापति, मानसिंह प्रजापति जिला पंचायत सदस्य, मुन्ना प्रजापति, धीरज प्रजापति युवाध्यक्ष, अशोक प्रजापति, राकेश प्रजापति, रघुवीर प्रजापति, रामकृष्ण बाग, अरविंद बाबा, दीपक सनातनी, जगमोहन प्रजापति, संतोष प्रजापति, डॉ. ओंकार, कन्हैयालाल, राजकुमार, मुन्नालाल फ्लिटर, हरिराम, गणेश प्रजापति, रामप्रसाद माते, माधव प्रजापति, प्रकाश प्रजापति, लखन पटैल, रामलखन मास्टर, रामप्रसाद जगनिया, हरचरण मास्टर सहित प्रमुख समाजसेवी काफी संख्या में उपस्थित थे।

### पार्टी द्वारा दी गई जवाबदारी को पूर्ण निष्ठा से निभाएं - गुप्ता

**दतिया ।** सेंवड़ा मंडल की कामकाजी बैठक का आयोजन बसंत गार्डन में किया गया। बैठक की शुरुआत अतिथियोंयों द्वारा पार्टी के महापुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्याम प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष मुकेश चौधरी द्वारा संबोधित किया गया। कार्यकर्ताओं को लवकुश सिंह गुर्जर रमा शर्मा श्रीमती अवधेश सिंह गुर्जर द्वारा भी संबोधित किया गया। इस अवसर पर प्रभारी के रूप में उपस्थित पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष पंकज गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी द्वारा दी गई प्रत्येक जिम्मेदारी को सभी कार्यकर्ता पूर्ण मनोयोग से निभाएं और हमेशा अच्छे से अच्छा कार्य करने का संकल्प ले । उन्होंने देश में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता एवं स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में की जाने वाली तिरंगा यात्रा के विषय को लेकर कार्यकर्ताओं में कार्य विभाजन किया। और सभी को बूथ की जिम्मेदारी सौंपी गई। महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती पूजा शर्मा सुल्तान खान कपूर सिंह जी यादव रामसिया परिहार आलोक सिंह परिहार मंडल के उपाध्यक्ष मंत्री बूथ अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।